सीताराम जयपुरिया फाउन्डेशन ने आयोजित किया मेडिकल एंड हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉर्ड्स का तीसरा संस्करण- हेल्थकेयर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पेशेवरों को किया सम्मानित

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डॉक्टरों को कुल रु 90 लाख के पुरस्कार दिए गए, जिन्होंने भारत में हेल्थकेयर की प्रगति में योगदान दिया है।
- ये पुरस्कार क्लिनिकल केयर, रीसर्च, ग्रामीण हेल्थकेयर एवं मेडिकल इनोवेशन में उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं।
- यह पहल स्वर्गीय श्री सीताराम जयपुरिया की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित की गई है, और उनकी मानवतावादी विरासत को आगे बढ़ाती है

नई दिल्ली, **14 मार्च 2026**: सीताराम जयपुरिया फाउन्डेशन ने स्वर्गीय श्री सीताराम जयपुरिया की जन्म शताब्दी के अवसर पर मेडिकल एंड हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉर्ड्स के तीसरे संस्करण का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान देश भर से चिकित्सा पेशेवरों को मरीज़ों की देखभाल एवं हेल्थकेयर में बदलावकारी योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डॉक्टरों को कुल रु 90 लाख के पुरस्कार दिए गए, जिन्होंने अपने कार्यों के द्वारा भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को सशक्त बनाया है और चिकित्सा समुदाय को प्रेरित किया है।

पुरस्कार समारोह का आयोजन एसजेएफ साइंटिफिक सिम्पोसियम और अवॉर्ड्स प्रोग्राम के तहत नई दिल्ली में किया गया। इस एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन स्वर्गीय श्री सीताराम जयपुरिया की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में किया गया था, जहां चिकित्सा समुदाय के दिग्गज 'ओबेसिटी, डायबिटीज़ एंड अदर कार्डियोमेटाबोलिक डिज़ीज़ेज़' विषय पर चर्चा एवं ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए इकट्ठा हुए थे।

सीताराम जयपुरिया फाउन्डेशन द्वारा श्री अशोक जयपुरिया, चेयरमैन, एसजेएफ और चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जाने-माने डॉक्टरों, शोधकर्ताओं और हेल्थकेयर लीडर्स ने हिस्सा लिया तथा हेल्थकेयर के इनोवेशन्स एवं उभरती चुनौतियों पर चर्चा की। शाम का समापन मेडिकल एंड हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉर्ड सेरेमनी के साथ हुआ। इस मंच पर उन लोगों को सम्मानित किया गया जो अपने समर्पण एवं लीडरशिप के साथ देश-विदेश में हेल्थकेयर के भविष्य को आकार दे रहे हैं।

चिकित्सा एवं हेल्थकेयर में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले ये पुरस्कार उन पेशेवरों को दिए जाते हैं जिन्होंने क्लिनिकल प्रेक्टिस, मेडिकल रीसर्च, गांवों में हेल्थकेयर डिलीवरी, सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा की प्रगति में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो। यह पहल उन लोगों को सम्मानित करने की फाउन्डेशन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिन्होंने अपना जीवन, चिकित्सा सेवाओं में सुधार लाने और मरीज़ों के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए समर्पित कर दिया है।

इस अवसर पर **श्री अशोक जयपुरिया, चेयरमैन, सीताराम जयपुरिया फाउन्डेशन और चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड** ने कहा, "*मेरे पिता श्री सीताराम जयपुरिया के मानवतावादी मूल्यों के मार्गदर्शन में हमें खुशी है कि हम चिकित्सा समुदाय के सदस्यों के असाधारण योगदान के लिए उन्हें सम्मानित कर रहे हैं। आज जिन डॉक्टरों को यहां सम्मानित किया जा रहा*

है, उन्होंने अपना जीवन, चिकित्सा सुविधाओं और असंख्य लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए समर्पित कर दिया है। उनकी प्रतिबद्धता, सहानुभूति और उत्कृष्टता सही मायनों में चिकित्सा के पेशे की महानता की पुष्टि करती है।"

विभिन्न श्रेणियों में कुल नब्बे लाख रु के पुरस्कार दिए गएः

1. **एक्सीलेन्स इन मेडिसिन एंड हेल्थकेयर अवॉर्ड के लिए रु 50 लाख**
    - प्रोफेसर डॉ विनोद के. पॉल- सदस्य (हेल्थ), नीति आयोग एवं पूर्व प्रोफेसर और हैड ऑफ पीडिएट्रिक्स, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज़ (एम्स), नई दिल्ली
2. **एमर्जिंग यंग लीडर इन मेडिसिन एंड हेल्थकेयर अवॉर्ड के लिए रु 10 लाख**
    - डॉ सहजल धुरिया- एडिशनल प्रोफेसर, डिपार्टमेन्ट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन, पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रीसर्च, चण्डीगढ़
3. **एक्सेम्पलेरी लीडरशिप इन रूरल मेडिसिन एंड हेल्थकेयर अवॉर्ड के लिए रु 10 लाख**
    - डॉ हिम्मतराव सलुबा बावस्कर- मेडिकल डायरेक्टर, बावस्कर हॉस्पिटल एंड क्लिनिकल रीसर्च सेंटर, महाड़, महाराष्ट्र
    - डॉ सदानंद दगाडु राउत- कन्सलटेन्ट फिज़िशियन एवं डायरेक्टर, विघ्नहर नर्सिंग होम, नारायणगांव, महाराष्ट्र
4. **श्रीमति गायत्री जयपुरिया वीमेन्स मेडिसिन एंड हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉर्ड के लिए रु 10 लाख**
    - डॉ थारा रंगस्वामी- सह-संस्थापक एवं वाईस चेयरपर्सन, शाइज़ोफ्रेनिया रीसर्च फाउन्डेशन, चेन्नई
5. **श्री अश्विनी कुमार अवॉर्ड फॉर हेल्थकेयर एक्सीलेन्स इन डायबिटीज़ एंड ओबेसिटी केयर के लिए रु 10 लाख**
    - डॉ वी. मोहन- चेयरमैन, डॉ मोहन्स डायबिटीज़ स्पेशलटीज़ सेंटर और द मद्रास रीसर्च रीसर्च फाउन्डेशन, चेन्नई

"मेडिकल एंड हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉर्ड्स के माध्यम से हम इन चिकिसा पेशेवरों की सराहना करते हैं, जिन्होंने समाज सेवा के लिए अथक प्रयास किए हैं और खुद से पहले दूसरों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। यह सम्मान उनके समर्पण के लिए है, जो याद दिलाता है कि मानवता के प्रति उनकी सेवा को सराहा जाना चाहिए।" **जयपुरिया** ने कहा।

तीसरे संस्करण के लिए 476 प्रविष्टियां और 233 ऐप्लीकेशन्स आए। सम्मेलन के दौरान एक विशेष सत्र 'सेलेब्रेटिंग एक्सीलेन्सः फीचरिंग प्रीवियस एडीशन अवॉर्डीज़' भी आयोजित किया गया, जहां पिछले संस्करणों के जाने-माने डॉक्टरों- प्रोफेसर डॉ. रमन कृष्ण कुमार, डॉ आशीष सतव, प्रोफेसर डॉ जयराज दुराई पंडियन और प्रोफेसर डॉ प्रतिभा सिंघी ने हेल्थकेयर की प्रगति में अपनी यात्रा के बारे में बताया और चिकित्सा एवं हेल्थकेयर क्षेत्र में उभरती चुनौतियों पर रोशनी डाली।